


हमने बहुत खेला है, और हर बार यह एक मुश्किल मुकाबला होता है। स्कोर कुछ भी हो, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मुझे पता है कि मुझे हमेशा फोकस बनाए रखना है।

- एरीना सबालेंका

बेलारूस की टेनिस खिलाड़ी, डब्ल्यूटीए फाइनल्स टूर्नामेंट में जीत दर्ज करने के बाद बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## अमोल मजूमदार



भारतीय महिला क्रिकेट टीम के हेड कोच अमोल मजूमदार ने आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 जीतने के बाद डीवाय पाटिल स्टेडियम पर रोहित शर्मा का आइकॉनिक सेलिब्रेशन दोहराया। मजूमदार ने झंडा पिच पर गाड़ दिया। पता हो कि 2024 टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद रोहित शर्मा ने मैदान पर झंडा गाड़ने वाला सेलिब्रेशन किया था, जिसके कारण उनकी जमकर तारीफ हुई थी। मेरे पास कहने के लिए शब्द नहीं हैं। बहुत गर्व हो रहा है। यह टीम इस पल की हकदार है। कड़ी मेहनत, विश्वास। इस टीम ने हर भारतीय को गर्व महसूस कराया है।

**क्या आप जानते हैं ?...** सर जैक हॉब्स फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 199 शतक लगाने का रिकॉर्ड उनके नाम है।

# टीम को भरोसा था कि हम यह विश्व कप जीत सकते है : हरमनप्रीत कौर

मुम्बई, 3 नवंबर। भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि टीम को अपने ऊपर भरोसा था कि वे यह विश्वकप जीत सकते है। दक्षिण अफ्रीका को रविवार रात फाइनल मुकाबले में हराकर महिला विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत मुस्कुराते हुए ट्रॉफी के साथ संवाददाता सम्मेलन में पहुंची। उन्होंने कहा, इस समय तो मैं कुछ कहने की स्थिति में नहीं हूं। मैं केवल अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का प्रयास कर रही हूं। मैं बस यही कहूंगी कि टीम ने कई उतार-चढ़ाव देखे लेकिन टीम को स्वयं पर भरोसा था। मैं यह पहले दिन से कह रही हूं। हम इधर-उधर नहीं देख रहे थे हमारा सारा ध्यान केवल लक्ष्य पर था।



उन्होंने कहा, हमें लगा कि हम पहली गेंद से ही जीत सकते थे, क्योंकि जिस तरह से हमने पिछले तीन मैचों में खेला था उससे हमारे लिए काफी चीजे बदल गई थीं। विशेष तौर पर स्वयं पर भरोसा। हम काफी समय से अच्छी क्रिकेट खेलते आ रहे हैं इसलिए हमें पता था कि एक टीम के तौर पर हमें क्या करना है। हमें पता था कि बल्लेबाजी आसान नहीं होगी लेकिन इसका श्रेय स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा को जाता है जिस तरह से उन्होंने पहले 10 ओवर में बल्लेबाजी की।

पहले दिन से मुझे विश्वास था कि यह सब मायने नहीं रखता। वैसे भी हम टॉस जीतते नहीं, इसलिए हमें पता था कि हमें पहले बल्लेबाजी करनी होगी। भारतीय कप्तान कहा, हमारा लक्ष्य आसान था। हमें पता था कि अगर हम बड़े लक्ष्य के बारे में सोचेंगे तो दबाव में आ जाएंगे। सबसे जरूरी चीज थी कि बल्लेबाजी करते रहना है और खेल की लय में बने रहना है। हमने 300 रन बनाने की कोशिश की लेकिन हम एक रन दूर रह गए। हालांकि हम एक टीम के तौर पर मैदान में लौटे। जब भी हमें जरूरत हुई हमें ब्रेकथ्रू मिला। यह एक बहुत अच्छा मैच था। यह अभी कहना आसान है लेकिन जब लॉरा बल्लेबाजी कर रही थीं तो यह सब उतना आसान नहीं था, वे मौका नहीं दे रही थीं। लेकिन आखिरकार अच्छा लग रहा है, मुझे नहीं पता कि मैं इसे कैसे बयां करूं।

उन्होंने कहा, झूलन दी मेरी सबसे बड़ी सपोर्ट थीं। जब मैं टीम में शामिल हुई थी तब वह कप्तान थीं। उन्होंने मुझे हमेशा सपोर्ट किया विशेषकर जब मैं क्रिकेट के बारे में अधिक नहीं जानती थी। अंजूम दी, दोनों ही मेरे लिए बड़ी सपोर्ट रही हैं। उन्होंने कहा कि जब रावल चोटिल हुईं तब ड्रेसिंग रूम में हर कोई रो रहा था। लेकिन हर कोई सोच रहा था कि हमारा लक्ष्य ट्रॉफी है इसलिए इसे हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करनी है। उन्होंने कहा, मैंने मांधना के साथ काफी विश्व कप खेले हैं और हर बार हार मिलने के बाद हम कई दिनों तक चुप रहते थे। जब वापस आते तो यही कहते कि हमें शून्य से शुरुआत करनी होगी। हमने कई फाइनल, सेमीफाइनल खेले लेकिन हमें जीत नहीं मिली। हम यही सोचा करते कि हमें कब जीत मिलेगी।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया गये कुलदीप टी-20 टीम से रिलीज

मेलबर्न, 3 नवंबर। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीजी की तैयारी के मद्देनजर टीम प्रबंधन के अनुरोध पर स्पिन गेंदबाज कुलदीप यादव को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टी-20 टीम से रिलीज किया गया है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया कि कुलदीप को आगामी टेस्ट सीरिज की तैयारियों के लिए दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ छह नवंबर से शुरू हो रहे दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के लिए भारत ए के दल में जगह दी गई है। रविवार को भारत ए ने ऋषभ पंत की 90 रनों की पारी और अंशुल कंबोज और मानव सुधार की नाबाद 62 रनों की साझेदारी की बदौलत पहला मैच जीत लिया।

बीसीसीआई ने अपने विज्ञिप्त में कहा कि कुलदीप को टीम से रिलीज करने का अनुरोध भारतीय टीम प्रबंधन की ओर से किया गया था। तीसरे अंतरराष्ट्रीय टी-20 में भारतीय एकदाश में कुलदीप की जगह वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया गया था। भारत चौथा टी-20 छह नबंर को कैनबरा और पांचवां मैच आठ नवंबर को ब्रिस्बेन में खेलेगा। भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट मैच 14 नवंबर को कोलकाता में खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया दौरे के आखिरी दो टी-20 मैच के लिए अब भारतीय टीम इस प्रकार है:- सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह और वॉशिंगटन सुंदर।



दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के लिए भारत ए टीम:- ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), के एल राहुल, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), साई सुदर्शन (उपकप्तान), देवदत्त पड़िक्कल, ऋतुराज गायकवाड़, हर्ष दुबे, तनुष कोटियान, मानव सुथार, ख़लील अहमद, गुरनूर बराड़, कुलदीप यादव, अभिमन्यू ईश्वरन, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप।

## जोनाथन ट्रॉट का कार्यकाल ट्वटी-20 विश्वकप के बाद खत्म होगा : एसीबी

काबुल, 3 नवंबर। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट का कार्यकाल आईसीसी टी-20 विश्वकप 2026 के बाद समाप्त होगा। एसीबी के मुख्य कार्यकारी नसीम खान ने कहा कि यह फैसला 2026 के बाद के एक बड़े विजन का हिस्सा है। उन्होंने कहा, जोनाथन ने हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे हमारे खिलाड़ियों को आत्मविश्वास बढ़ाने और दुनिया की सबसे मजबूत टीमों के खिलाफ मुकाबला करने में मदद मिली है। जैसा कि हम 2026 और उसके बाद के बारे में सोच रहे हैं, यह बदलाव अफगानिस्तान क्रिकेट को अगले स्तर पर ले जाने की हमारी बड़ी योजना का हिस्सा है। एसीबी के अध्यक्ष मीरवाइस अशरफ ने कहा, अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड की ओर से, मैं जोनाथन ट्रॉट को उनकी समर्पित सेवा और हमारी नेशनल टीम में लाए गए प्रोफेशनलिजम के लिए दिल से धन्यवाद देता हूं। उनके प्रयासों ने अफगानिस्तान क्रिकेट के विकास में एक महत्वपूर्ण दौर में मदद की है और हम उनके भविष्य के सभी प्रयासों में उनकी सफलता की कामना करते हैं। मुख्य कोच के तौर पर अपने कार्यकाल के बारे में ट्रॉट ने कहा, अफगानिस्तान की राष्ट्रीय टीम के साथ काम करना और उनके जुनून, हिम्मत और महानता हासिल करने की भूख को देखना मेरे लिए सौभाग्य की बात रही है। मुझे गर्व है कि हमने मिलकर क्या हासिल किया है और मैं हमेशा अफगान क्रिकेट का समर्थक रहूंगा। मैं टीम और अफगान लोगों को आने वाले सालों में लगातार सफलता की शुभकामनाएं देता हूं।

## रोहेरा और दाते ने पुड्डचेरी को दिलाई बड़ी बढ़त

नई दिल्ली, 3 नवम्बर। अजय रोहेरा (151) की शतकीय, जयंत यादव (71) और अमन खान (66) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर पुड्डुचेरी ने रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले तीसरे दिन सोमवार को दिल्ली के खिलाफ 481 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर 187 रनों की बड़ी बढ़त हासिल कर ली। दिन का खेल समाप्त होने के समय दिल्ली ने दूसरी पारी में 23 ओवरों में बिना कोइ विकेट खोए 76 रन बना लिये है। हालांकि वह अभी 111 रन पीछे है। अर्पित राणा (नाबाद 40) और सनत सांगवान (नाबाद 24) क्रीज पर मौजूद है। पुड्डुचेरी ने कल के चार विकेट पर 240 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज यहां सुमित माथुर ने अमन खान (66) को आउटकर दिल्ली को पांचवी सफलता दिलाई। इसके बाद सिमरजीत सिंह ने अजय रोहेरा को अपना शिकार बना लिया।

## खरगे और राहुल ने भारतीय महिला टीम को दी बधाई

नई दिल्ली, 3 नवम्बर। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर पहली बार महिला विश्वकप जीतने वाली भारतीय महिला टीम को बधाई दी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ''आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में शानदार जीत के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम को हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा आपके शानदार प्रदर्शन, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क ने देश को गौरवान्वित किया है। यह जीत सिर्फ एक खेल उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह महिलाओं की शक्ति, लचीलेपन और नेतृत्व क्षमता का उत्सव भी है जो लाखों लोगों को प्रेरित करती रहेगी। पूरा देश इस गौरवशाली क्षण का जश्न मनाने के लिए एकजुट है। आपने न केवल विश्व कप जीता है, बल्कि हर भारतीय का दिल भी जीत लिया है।'' उन्होंने कहा मैं आप सभी के उज्ज्वल, सफल और प्रेरणादायक भविष्य की कामना करता हूं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बधाई देते हुए कहा, ''गर्व का क्षण है। हमारी महिलाओं ने इतिहास रच दिया और करोड़ों दिलों को छुआ है। आपके साहस, धैर्य और शालीनता ने भारत को गौरवान्वित किया है और अनगिनत युवा लड़कियों को निडर होकर सपने देखने के लिए प्रेरित किया है। आप ने केवल एक ट्रॉफी नहीं उठाई, आपने एक राष्ट्र का उत्साह बढ़ाया है। जय हिंद।'' उल्लेखनीय है कि भारतीय महिला टीम ने कल रात (शेफाली वर्मा 87 रन और दो विकेट) तथा दीप्ति शर्मा (58 रन और पांच विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका पर 52 रनों से ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी।

# बीसीसीआई देगा भारतीय महिला टीम को 51 करोड़ रुपये का इनाम



मुम्बई, 3 नवंबर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईसीसी महिला विश्व कप 2025 का खिताब जीतने वाली भारतीय महिला टीम के लिए सोमवार को 51 करोड़ रुपये के नकद इनाम की घोषणा की है। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने आज कहा, बीसीसीआई बहुत खुश है और आईसीसी की किटी से कुछ भी लिए बिना, बीसीसीआई अपनी तरफ से भारतीय टीम को इनाम के तौर पर 51 करोड़ रुपये देगा। यह रकम खिलाड़ियों, सेलेक्टर्स के साथ-साथ अमोल मजूमदार की अगुवाई वाले सपोर्ट स्टाफ को भी मिलेगी। बीसीसीआई की यह इनाम आईसीसी द्वारा विजेताओं की पुरस्कार राशि में किए गए बदलाव के अलावा है। प्रतियोगिता से पहले आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने महिला विश्व कप में टीमों के लिए पुरस्कार राशि में काफी बढ़ोतरी की घोषणा की थी, जिसमें विजेताओं को 4.48 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 42 करोड़ रुपये) मिलेंगे। यह 2022 में ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को मिले 1.32 मिलियन अमेरिकी डॉलर से कहीं अधिक है और 2023 में अहमदाबाद में भारत को हराने पर उनकी पुरुष टीम को मिले चार मिलियन अमेरिकी डॉलर से भी बेहतर है।

## सीनियर महिला इंटर जोनल टी-20 ट्रॉफी नागालैंड में

कोहिमा, 3 नवंबर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित सीनियर महिला इंटर जोनल टी-20 ट्रॉफी 2025 के मंगलवार से यहां शुरु हो रहे तीसरे संसकरण में छह टीमें हिस्सा लेंगी। चार से 14 नवंबर तक नागालैंड में होने वाले इस टूर्नामिंट में इस बार नॉर्थ जोन, साउथ जोन, ईस्ट जोन, वेस्ट जोन, सेंट्रल जोन और नॉर्थ-ईस्ट जोन की महिला टीमें हिस्सा लेंगी।

## राजस्थान के बल्लेबाज दीपक का दोहरा शतक व कार्तिक की शतकीय पारी

### अंडर-23 सी.के. नायडू ट्रॉफी में बंगाल के विरुद्ध राजस्थान मजबूत, राजस्थान के कारण लाम्बा का शतक



जयपुर, 3 नवम्बर। राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में जयपुर में सवाई मान सिंह स्टेडियम पर खेले जा रहे राजस्थान - मुंबई रणजी मैच के तीसरे दिन राजस्थान के बल्लेबाजों दीपक हुड्डा के शानदार दोहरे शतक व युवा कार्तिक शर्मा की मजबूत शतकीय पारी की सहायता से राजस्थान ने मुंबई की विरुद्ध पहली पारी में विशाल बढ़त प्राप्त की।

**राजस्थान - मुंबई रणजी मैच ( तीसरे दिन का स्कोर )**

**मुंबई पहली पारी 254 आल आउट, राजस्थान पहली पारी 617/6 पारी घोषित**

तीसरे दिन राजस्थान के बल्लेबाजों दीपक हुड्डा व कार्तिक शर्मा ने उत्कृष्ट बल्लेबाजी करते हुए टीम को पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई। दीपक हुड्डा ने शानदार दोहरा शतक लगाया व राजस्थान के युवा प्रतिभावान बल्लेबाज कार्तिक शर्मा ने महत्वपूर्ण शतकीय पारी खेली। टीम के लिए दीपक हुडा 248 रन (335 गेंद, 22 चोक्के व 2 छक्के) व कार्तिक शर्मा 139 रन (192 गेंद, 13 चोक्के व 3 छक्के) लगाए साथ ही अजय सिंह कुकना 32 रनो पर नाबाद रहे। मुंबई के गेंदबाज शम्स मुलानी 150/2 विकेट प्राप्त किये।

**मुंबई दूसरी पारी 89/0, यशस्वी जयसवाल नाबाद 56 व मुशीर खान नाबाद 32 रन**

**राजस्थान - बंगाल अंडर 23 सी के नायडू ट्रॉफी मैच**

**राजस्थान के करण लाम्बा का शतक**

कल्याणी, बंगाल में आज से राजस्थान - बंगाल टीमों के मध्य खेले जा रहे अंडर 23 सी के नायडू ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन राजस्थान ने करण लाम्बा की शतकीय पारी की सहायता से पहली पारी में बढ़त प्राप्त की।

**बंगाल पहली पारी 146 आल आउट, राजस्थान पहली पारी 309/6**

आज दूसरे दिन करण लाम्बा की शतकीय पारी की सहायता से राजस्थान दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 6 विकेट के नुकसान पर 309 रन बना लिए थे। टीम के लिए करण लाम्बा नाबाद 109, मुकुल चौधरी 44, अनिरुद्ध सिंह चौहान 38, सुमित गोदारा 30, सर्वज्ञ पनेरी 30 व राज शर्मा 27 रनो का योगदान दिया।

## शंकर सुब्रमण्यम और इशारानी बरुआ कोरिया मास्टर्स में करेंगे भारतीय टीम की अगुवाई

जियोनबुक (दक्षिण कोरिया), 3 नवंबर। शंकर सुब्रमण्यम और इशारानी बरुआ मंगलवार से शुरु हो रहे कोरिया मास्टर्स में चार सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे। कल के शुरु होने जा रहे टूर्नामेंट में भारत के कई बड़े खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में, पुरुष एकल में वर्ल्ड नंबर 65 खिलाड़ी शंकर सुब्रमण्यम और महिला एकल रैंकिंग में 53वें स्थान काबिज इशारानी बरुआ भारत के चार सदस्यीय दल की अगुवाई करेंगी। शंकर सुब्रमण्यम ने पिछले हफ्ते हाइलो ओपन में लक्ष्य सेन को हराया था, पुरुष एकल ड्रॉ में वह अकेले भारतीय शटलर हैं।

### चतुर्थ डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता

## वरूण के ऑलराउंड प्रदर्शन से बिमल एकेडमी रोमांचक मैच में एक रन से जीता

जयपुर, 3 नवंबर। मैत्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित आज नैना क्रिकेट ग्राउण्ड जगतपुरा में चतुर्थ डॉ.ए.पी.जे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज खेले गये पूल बी के मुकाबले में बिमल क्रिकेट एकेडमी ने वरूण 40 रन व 21 रन पर 3 विकेट के ऑलराउण्ड प्रदर्शन की बदौलत एस.आर. क्रिकेट एकेडमी को बेहद नजदीकि मुकाबले में मात्र 1 रन से हराकर 2 अंक अर्जित किए।

टॉस जीत कर बिमल क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबजी का फैसला किया लेकिन एस. आर क्रिकेट एकेडमी के गेंदबाजों फरमान खान 36 रन पर 3 विकेट, नयन माली 20 रन पर 2 विकेट, हेमन्त चौधरी 17 रन पर 2 विकेट, मोहित जैमन 5 रन पर 1 विकेट तथा दीपम शर्मा 22 रन पर 1 विकेट की शानदार गेंदबाजी के समक्ष वरूण 40 रन, मोहम्मद जैद 13 रन तथा कैशव शर्मा 11 रन को छोडकर बिमल क्रिकेट एकेडमी का कोई भी बल्लेबाज नहीं टिक सका और पूरी टीम 15.1 ओवर में मात्र 102 रन पर सिमट गयी। जवाबी पारी में वरूण 21 रन पर 3 विकेट, मोहम्मद जैद 20 रन पर 2 विकेट, अनुराग शर्मा 21 रन पर 2 विकेट तथा कुलदीप सिंह व कैशव शर्मा प्रत्येक 1-1 विकेट ने बहुत किफायती गेंदबाजी करते हुए एस.आर. एकेडमी के बल्लेबाजों पर जबर्दस्त दबाव बनाते हुए जल्दी-जल्दी विकेट लेकर 18.4 ओवर में एस.आर. एकेडमी की पूरी टीम को मात्र 101 रन पर समेट कर 1 रन से बहुत नजदीकि जीत दर्ज की। एस.आर. एकेडमी की और कौवित जेनरीवाल 32 रन, मोहित जैमन 10 रन को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज दहाई की संख्या पार करने में सफल नहीं हो सका। इस मैच का मैन ऑफ दी मैच वरूण बिमल क्रिकेट एकेडमी रहे।



## कुलतार ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को दी बधाई

चंडीगढ़, 3 नवंबर। पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां ने सोमवार को विश्व महिला क्रिकेट कप दिलाने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम को बधाई दी। संधवां ने कहा कि कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपनी लगन, मेहनत और अदम्य जज़्बे से न केवल पंजाब बल्कि पूरे देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने यह साबित किया है कि यदि इरादे मजबूत हों, तो बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कप्तान हरमनप्रीत कौर ने खेल जगत में नया इतिहास रचकर हर बेटी के माता-पिता को प्रेरणा दी है। यह जीत महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रतीक है और खेल जगत में एक नये स्वर्ण युग की शुरुआत है। सिंधवां ने कहा कि पंजाब की बेटियों ने हमेशा हौसले और हिम्मत के बल पर दुनिया के सामने अपनी प्रतिभा साबित की है, और हरमनप्रीत कौर की यह उपलब्धि उसका नवीनतम उदाहरण है।

## विश्वकप फाइनल में हारने के बावजूद टीम के प्रयासों पर गर्व है : वोल्वार्ट

मुंबई, 3 नवंबर। दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की कप्तान लॉरा वोल्वार्ट ने कहा कि महिला विश्वकप के फाइनल में भारत के हाथों मिली 52 हार के बावजूद मुझे अपनी टीम के प्रयासों पर गर्व है। मैच के बाद वोल्वार्ट ने कहा, ''मुझे इस टीम पर इस अभियान के लिए और भी ज़्यादा गर्व हो सकता है।'' उन्होंने आगे कहा, ''हमने पूरे मैच में शानदार क्रिकेट खेला, लेकिन आज भारत ने हमें मात दे दी। हारना दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन हम इससे जरूर आगे बढ़ेंगे। यह कई खिलाड़ियों के लिए एक शानदार टूर्नामेंट रहा है और मुझे हमारे द्वारा दिखाए गए लचीलेपन पर गर्व है।'' इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सस्ते में आउट होने के बारे में पूछे जाने पर वोल्वार्ट ने कहा, ''हमने उन कुछ खराब मैचों को पीछे छोड़ने के लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। हम या तो बहुत अच्छे थे या बहुत बुरे, लेकिन शुक्र है कि अधिकतर अच्छे प्रदर्शन ही हुए।'' उन्होंने कहा, ''विश्व कप से पहले शायद मेरा सर्वश्रेष्ठ वर्ष नहीं रहा और मैंने इसकी शुरुआत भी अच्छी नहीं की। ज्यादा सोचना, अच्छा नहीं था। यह क्रिकेट का एक और मैच है, दोनों को अलग करने की कोशिश ने मुझे अपना स्वाभाविक खेल खेलने और फिर किसी अलग समय पर कप्तानी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए थोड़ा मुक्त कर दिया।''

# भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने पर मनेगा भव्य जश्न

*नई दिल्ली, 3 नवम्बर। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने भारतीय हॉकी के 100 वर्ष (1925-2025) पूरे होने के उपलक्ष्य में सोमवार को भव्य समारोह की घोषणा की। हॉकी इंडिया के सहयोग से आयोजित होने वाला यह शताब्दी समारोह 7 नवंबर को नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जिसके समानांतर भारत के 550 से अधिक जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। यह ऐतिहासिक आयोजन भारत की समृद्ध हॉकी विरासत के एक शताब्दी पूरे होने का स्मरण करेगा, उन दिग्गजों को सम्मानित करेगा जिन्होंने देश को गौरव दिलाया और खेल की उस स्थायी भावना का जश्न मनाएगा जो लाखों लोगों को प्रेरित करती रहती है। नई दिल्ली में समारोह सुबह 8:30 बजे शुरू होगा, जिसमें भारतीय हॉकी की गौरवशाली यात्रा के सार को दर्शाने वाले कई विशेष कार्यक्रम होंगे। डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा, ''भारत हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है, हम गौरव, दृढ़ता और राष्ट्रीय गौरव की एक शताब्दी का सम्मान करते हैं। यह मील का पत्थर हमारे उन नायकों को याद करने का अवसर है जिन्होंने देश को सम्मान दिलाया और आगे बढ़ते हुए उनकी यात्रा से प्रेरणा लेने का अवसर है। हॉकी भारत के लिए केवल एक खेल से कहीं अधिक है - यह हमारी पहचान और सामूहिक भावना का हिस्सा है। 550 से अधिक जिलों में आयोजित होने वाले ये समारोह न केवल हमारी विरासत को उजागर करेंगे, बल्कि भारतीय हॉकी की कहानी को देश के कोने-कोने तक पहुंचाएंगे, जिससे युवा लड़के और लड़कियों को हॉकी स्टिक उठाकर जुनून के साथ खेलने की प्रेरणा मिलेगी।'' खेल मंत्री की टीम और हॉकी इंडिया की मिश्रित टीम (पुरुष और महिला) के बीच 30 मिनट का एक प्रदर्शनी मैच लैंगिक समानता, टीम वर्क और समावेशिता को उजागर करेगा, जिसमें पुरुष और महिला दोनों राष्ट्रीय टीमों के शीर्ष खिलाड़ी भाग लेंगे। इसके बाद विभिन्न पीढ़ियों के हॉकी दिग्गजों को सम्मानित किया जाएगा, और भारत को दुनिया के सबसे सफल हॉकी राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में उनके योगदान को मान्यता दी जाएगी, जिसने आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक और 13 ओलंपिक पोडियम फिनिश हासिल किए हैं। सरकार की योजनाओं में हॉकी प्राथमिकता वाले खेलों में से एक है। पुरुष और महिला हॉकी सरकार की प्रमुख योजनाओं - टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) और टारगेट एशियन गेम्स ग्रुप (टीएजीजी) में शामिल हैं। इन योजनाओं के तहत, राष्ट्रीय टीमों को प्रत्येक ओलंपिक चक्र में प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं, प्रदर्शन यात्राओं और भत्तों सहित अन्य सुविधाओं के लिए धन मिलता है। महिलाओं के बीच हॉकी को बढ़ावा देने के लिए, खेल मंत्रालय देश भर में जूनियर और सब-जूनियर स्तर पर अस्मिता हॉकी लीग का आयोजन करता है। खेल मंत्री ने आगे कहा, ''सरकार अधिक निवेश, आधुनिक बुनियादी ढांचे और संस्थागत सुधारों के माध्यम से भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मज़बूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है - 2036 तक भारत को दुनिया के शीर्ष खेल राष्ट्रों में से एक बनाना और हर खेल में लगातार उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन करना। मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण और हॉकी इंडिया जैसे महासंघों के बीच निरंतर सहयोग से, हम युवा प्रतिभाओं को निखारते रहेंगे, खेलों तक पहुंच बढ़ाएंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि भारत का तिरंगा हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर ऊंचा लहराए।'' इस शताब्दी वर्ष में आधिकारिक स्मारक खंड, ''भारतीय हॉकी के 100 वर्ष'' का विमोचन भी होगा, जिसमें खेल की उल्लेखनीय यात्रा - उसकी विजय, चुनौतियाँ और पुनरुत्थान - का वर्णन किया गया है। यह प्रकाशन एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड और उन खिलाड़ियों की पीढ़ियों के लिए एक श्रद्धांजलि दोनों के रूप में काम करेगा जिन्होंने भारत की हॉकी विरासत को आकार दिया है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, ''भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे होने का जश्न हम सभी के लिए बेहद भावुक और गौरवान्वित करने वाला क्षण है। यह मील का पत्थर हमारे गौरवशाली अतीत का सम्मान करता है और साथ ही नई पीढ़ी को इस विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है। भारतीय हॉकी ने हमेशा लचीलेपन, एकता और उत्कृष्टता की भावना का प्रतिनिधित्व किया है। इस शताब्दी समारोह के अवसर पर, हमारा ध्यान खेल को जमीनी स्तर से मजबूत करने, पुरुषों और महिलाओं दोनों को समान रूप से सशक्त बनाने और अपनी टीमों को एक बार फिर विश्व हॉकी के शिखर पर पहुंचने के लिए तैयार करने पर है। मैं उन सभी का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ जो वर्षों से भारतीय हॉकी के साथ खड़े रहे हैं - हमारे खिलाड़ी, कोच, प्रशंसक और सहयोगी। हम सब मिलकर अगली सदी को और भी सुनहरा बनाएंगे।'' मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में एक विशाल फोटो प्रदर्शनी दर्शकों को 100 गौरवशाली वर्षों की एक दृश्य यात्रा पर ले जाएगी, जिसमें 1928 के एम्स्टर्डम खेलों से लेकर वर्तमान पुनरुत्थान तक की दुर्लभ अभिलेखीय तस्वीरें, यादगार चीज़ें और ओलंपिक क्षण प्रदर्शित किए जायेंगे। इस अवसर को जमीनी स्तर पर मनाने के लिए, देश भर के 550 जिलों में एक साथ 1,400 से अधिक हॉकी मैच खेले जायेंगे, जिनमें 36,000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे।*

## सोलफिल क्रिकेट अकादमी जीती

जयपुर, 3 नवम्बर। अंडर-13 पिंकसिटी कप में सोलफिल क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए



40 ओवर में 166 रन 7 विकेट के नुकसान पर बनाएं। राघव शर्मा ने 64, विराज ने 33 और आरुष ने 31 रनों का योगदान दिया! कैंडलविक क्रिकेट अकादमी की ओर से कार्तिक सैनी और मानव गुप्ता ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कैंडलविक क्रिकेट अकादमी 40 ओवर में 121 रन 5 विकेट के नुकसान पर ही बना सकी। उत्सव शर्मा ने सर्वाधिक 49 रनों का योगदान दिया। सोलफिल क्रिकेट अकादमी की ओर से गणेश ने दो विकेट लिया। मैन ऑफ़ द मैच राघव शर्मा को चुना गया।